# लापरवाही पर 25 अधिकारियों पर लगा अर्थदण्ड

**सिवनी नवभारत। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने सी.एम. हेल्पलाईन में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित तथा लेवल आफिसर द्वारा शिकायतों को नियमित अडेंट नहीं किया जाना एवं लेबल अधिकारी द्वारा बिना निराकरण दर्ज कर अनिराकृत शिकायतें शिकायतें अगले लेबल पर पहुंचना जैसी लापरवाही पाए जाने पर कुल 25 लेवल ऑफिसर पर प्रति शिकायत राशि रु. 100/- के मान से 4000 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित करने के आदेश जारी किए हैं।**




जिसमें श्री चतुर्भुज पटेल कार्यपालन अभियंता लखनादौन पर 200 रूपये, श्री सुमित पाठक कनिष्ठ अभियंता छपारा पर 100 रूपये, श्री अरूण मर्सकोल कनिष्ठ अभियंता घंसौर पर 200 रूपये, श्री नरेन्द्र कुमार कनिष्ठ अभियंता धारना पर 100 रूपये, श्री प्रकाश मार्को सचिव सह जिला नोडल अधिकारी मंडी पर 300 रूपये, श्रीवंती परते खनि.निरीक्षक केवलारी पर 100 रूपये, श्री मुकेश वाडिवे खनि. निरीक्षक कुरई पर 100 रूपये, सुश्री अंजू भारती मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरई पर 300 रूपये, रेखा देशमुख मुख?य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी पर 400 रूपये, श्री ओंमकार सिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धनौरा पर 100

**सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों में बरती जा रही थी लापरवाही**

रूपये, श्रीमती प्रतिभा मिश्रा महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्राम सडक केवलारी पर 100 रूपये, श्री धमेन्द्र उइके सांख्यिकीय अधिकारी घंसौर पर 300 रूपये, श्रीमती उषा मैराल परियोजना अधिकारी कुरई पर 200 रूपये, श्री संदीप श्रीवास्तव अनुविभागीय अधिकारी बरघाट पर 100 रूपये, श्री सौरभ मरावी तहसीलदार छपारा पर 100 रूपये, दिग्गविजय परस्ते तहसीलदार लखनादौन पर 300 रूपये, शेफाली अग्रवाल तहसीलदार पर घंसौर पर 200 रूपये, श्री आर के हनुमंते कार्यपालन यंत्री धनौरा पर 100 रूपये, डॉ. अभिषेक रायकवार विकासखंड चिकित्सा अधिकारी कुरई पर 100 रूपये, रानी शुक्ला असिस्टेंड कमिश्नर वाणिज्य कर विभाग पर 100 रूपये, श्री नवमीदास चौकिकर जिला पंजीयक पर 100 रूपये, श्री वेदप्रकाश पुरी गोस्वामी मुख्य नगरपालिका अधिकारी बरघाट पर 100 रूपये, मेघा शर्मा अनुविभागीय अधिकारी सिवनी पर 100 रूपये, श्री रविशंकर ठाकुर बी आर सी सी छपारा पर 100 रूपये श्री महेश कुमार गौतम प्राचार्य सिवनी पर 100 का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। आदेशानुसार अधिरोपित अर्थदण्ड की राशि जिला रेडक्रास सोसायटी, जिला सिवनी खाते में जमा करने के आदेश अधिकारियों को दिए गए हैं।

## जिले में 71 नए मतदान केंद्र प्रस्तावित, पुराने16 होंगे स्थानांतरित

**सिवनी नवभारत।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मतदाता केंद्र युक्तियुक्तकरण संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप सहित सभी पंजीकृत दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता होंगे। आदेश के परिपालन में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाने तथा अधिक दूरी वाले केंद्रों के स्थान पर नए केंद्र स्थापित करने के प्रस्तावों पर केन्द्रवार चर्चा की गई।



**प्राथमिक सहमति के अनुसार—**

बरघाट विधानसभा = मतदाताओं की संख्या के कारण 13 एवं दूरी के कारण 1, कुल 14 नए केंद्र।

सिवनी विधानसभा = मतदाताओं की संख्या के कारण 14 एवं दूरी के कारण 6, कुल 20 नए केंद्र।

केवलारी विधानसभा = मतदाताओं की संख्या के कारण 18 एवं दूरी के कारण 2, कुल 20 नए केंद्र। लखनादौन विधानसभा = मतदाताओं की संख्या के कारण 17 नए केंद्र।

इसके अतिरिक्त जीर्णक्षीण भवनों वाले मतदान केंद्रों को नए भवनों में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। इसमें बरघाट के 6, सिवनी के 5, केवलारी के 1 तथा लखनादौन के 4 केंद्र शामिल हैं।

इस प्रकार जिले में कुल 71 नए मतदान केंद्रों की वृद्धि और 16 पुराने केंद्रों को नए भवनों में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा गया।

## जिले में 6 उचित मूल्य दुकानों पर गंभीर अनियमितताएं

### कलेक्टर ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**सिवनी नवभारत।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिले में उचित मूल्य दुकानों का औचक निरीक्षण की कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान 6 केंद्रों पर गंभीर अनियमितताएं पाई गई, जिन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है।



निरीक्षण में कुरई के दरासीकलां में हितग्राहियों से अंगूठा लगवाए बिना खाद्यान्न वितरण, सिवनी के फुलारा में माह अगस्त का राशन वितरण न होना, मोहगांव में 55 परिवारों को वितरण न होना, केवलारी के गंगाटोला में ऑनलाइन एवं भौतिक स्टॉक में अंतर तथा लखनादौन के मंडई और बम्होडी में प्राधिकार पत्र एवं दुकान का बोर्ड न लगा पाया गया।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि उक्त अनियमितताओं को लेकर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

## 128 पाव देशी शराब की गई जब्त

**दमोह।** आबकारी विभाग द्वारा 5 अगस्त को अवैध मदिरा विक्रय, संग्रहण, परिवहन और उपभोग के विरुद्ध कार्यवाही की गई। थाना कुम्हारी के ग्राम धनगुंआ में स्थित दुकान से आरोपी भीम लोधी के कब्जे से 17 पाव एवं पटेरा के देवडोंगरा में अज्ञात आरोपी के कब्जे से 25 पाव मदिरा एवं थाना पथरिया के ग्राम सेमरा में हरगोविंद पटेल से 22 पाव देशी मदिरा, रजवांस रोड में राघवेन्द्र सिंह से 15 पाव देशी मदिरा ,ग्राम सतपारा में मुकेश राय से 26 पाव देशी मदिरा एवं आरती अहिरवार से 23 पाव मसाला देशी मदिरा बरामद की गई।

## कान्हीवाड़ा के जतिन बंदेवार दिल्ली लाल किले में विशेष अतिथि के रूप में होंगे शामिल

**कान्हीवाड़ा नवभारत।** ग्राम कान्हीवाड़ा के लिए यह गर्व का क्षण है कि 24 एमपी बटालियन एनसीसी कैडेट कॉर्पोरल जतिन बंदेवार ने रील प्रतियोगिता वॉक टू द मॉन्यूमेंट्स ऑर साइट्स ऑफ इंडियन इंडिपेंडेंस में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाया। यह प्रतियोगिता स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम का हिस्सा थी और इसे मायगवर्मेंट प्लेटफॉर्म पर 1 जून 2025 से 31 जुलाई 2025 तक देशभर में ऑनलाइन आयोजित किया गया।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम के



ऐतिहासिक स्थलों और स्मारकों से जोड़ना तथा डिजिटल माध्यम से देशभक्ति की भावना का प्रसार करना था। प्रतिभागियों को ऐसे स्मारकों या स्थलों पर जाकर 60 सेकंड तक की एक रचनात्मक और प्रेरणादायक रील बनाकर अपलोड करनी थी, जो भारत की स्वतंत्रता की कहानी को जीवंत रूप में प्रस्तुत करे।

कॉर्पोरल जतिन बंदेवार ने अपनी रील स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थलों को केंद्र में रखते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को भावपूर्ण अंदाज में प्रस्तुत किया। उनकी रील में न केवल ऐतिहासिक तथ्यों का समावेश था, बल्कि सिनेमेटिक प्रस्तुति, संगीत और भावनात्मक जुड़ाव ने इसे और भी प्रभावशाली बना दिया। जतिन की रील का चयन राष्ट्रीय स्तर की चयन समिति ने सैकड़ों प्रविष्टियों में से सर्वश्रेष्ठ में किया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें स्वतंत्रता दिवस पास से सम्मानित किया जाएगा, जिसके तहत वे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली (लाल किले ) में स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

**जतिन ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा—**

यह उपलब्धि मेरे अधिकारियों के मार्गदर्शन और साथियों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। मैं आगे भी ऐसे प्रयास करता रहूँगा जिससे हमारे जिले और देश का नाम ऊँचा हो। टीम एनसीसी छिंदवाड़ा ने जतिन को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास जताया कि वे आने वाले समय में और भी बड़े मुकाम हासिल करेंगे।

## एक नजर में

### उगली में आज निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

उंगली। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर उगली क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगने को तैयार है। भाजपा मंडल उगली के तत्वावधान में 14 अगस्त 2025 को दोपहर 12 बजे से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा उगली मंडल के समस्त देशप्रेमियों और नगरवासियों को एकजुट कर, राष्ट्रध्वज के सम्मान में एक अभूतपूर्व दृश्य प्रस्तुत करेगी। इस तिरंगा यात्रा में शामिल होने वाले प्रतिभागी भारत माता के सम्मान में जयकारे लगाएंगे, देशभक्ति गीतों के साथ कदम से कदम मिलाते चलेंगे और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्मरण करेंगे। आयोजन समिति ने नगर के प्रत्येक नागरिक से इस गौरवपूर्ण क्षण में अपनी उपस्थिति और सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। भाजपा मंडल उगली के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि तिरंगे के महत्व, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को घर-घर तक पहुंचाना है।

### नगर परिषद बरघाट ने तिरंगा वाहन रैली निकाली



बरघाट। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना, छात्रों, कर्मचारियों और समुदाय में देशभक्ति की भावनाएँ जगाना, हर घर तिरंगा के राष्ट्रव्यापी अभियान में योगदान देना और एकता को सुदृढ़ करना इन समस्त उददेश्यों को पूरा करने हेतु आज नगर परिषद बरघाट जिला-सिवनी में तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा वाहन रैली उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट से प्रारंभ की गई जो शहीद बिन्दु कुमरे चौक से होते हुए कार्यालय नगर परिषद बरघाट में सम्पन्न हुई। आयोजित रैली में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू, सभापति ज्ञानसिंह चौधरी,सभापति निधि ऋषभ जायसवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वेद पुरी गोस्वामी, जनप्रतिनिधिगण एवं निकाय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी राष्ट्रीय ध्वज थामे जोश और देशभक्ति के साथ शामिल हुए।

### छींदा में पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा

केवलारी। स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वतंत्रता के संग अभियान के क्रियान्वन में पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के आदेशानुसार हर घर तिरंगा, हर घर अधीक्षक , श्रीमान अनु.अधि. (पुलिस) केवलारी के मार्गदर्शन में आज दिनांक 13.08.2025 को पुलिस चौकी छींदा प्रभारी उनि प्रमोद भारद्वाज के नेतृत्व एवं उनके स्टाफ की गरिमामयी उपस्तिथी में पुलिस चौकी छींदा प्रागंण से भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, उच्चतर माध्यमिक स्कूल के प्राचार्य श्री झारिया जी, ठाकुर मेड़म एवं अन्य शिक्षकगण, चार सौ छात्र छात्राओ ने सहभागिता लेकर भारतीय पारंपरिक साधन बैलगाड़ीयो में बाजे गाजो के साथ हर हाथ मे तिरंगा का प्रतीक लेकर निकले।

## यश अमेरिका में फहराएंगे जैन धर्म का ध्वज

**सिवनी।** लखनादौन नगर के गौरव एवं जैन दर्शन एवं प्राकृत भाषा विभाग के शोधार्थी, कुशल वक्ता एवं विद्वान , आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य यश जैन, जो देश-विदेश में जैन धर्म के प्रचार-प्रसार में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, इस बार पर्युषण पर्व 2025 पर अमेरिका की धरती पर धर्म की गंगा प्रवाहित करेंगे। अटलांटा में दस दिवसीय विशेष आयोजन के साथ-साथ कैलिफ़ोर्निया, लॉस एंजेलिस, मिलपिटस, सैन डिएगो, डेनवर और मिनेसोटा जैसे प्रमुख शहरों में स्थित जैन संगठनों के आमंत्रण पर वे विधान, प्रवचन और भक्ति के माध्यम से जैन धर्म की अलौकिक प्रभावना करेंगे। इस ऐतिहासिक यात्रा से विदेश में जैन धर्म का ध्वज और भी ऊँचा फहरेगा तथा भारतीय संस्कृति की दिव्य आभा विश्वभर में फैलेगी।



## ट्रेन से नल की चोरी करते पकड़ाया

**सिवनी।** ट्रेनों में नल की चोरी करने मामले में आरपीएफ ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि आरोपी ट्रेन के शौचालय में नल चोरी करने के दौरान ही पकड़ा गया। दरअसल सिवनी रेलवे स्टेशन पर नल की चोरी की घटना आए दिन सामने आ रही थी। घटना पर अंकुश लगाने सुरक्षा आयुक्त, नागपूर दीप चंद्र आर्य के निर्देशन में छिंदवाड़ा प्रभारी निरीक्षक उषा विसेन द्वारा टीम गठित कर उप निरीक्षक बीके सिंह द्वारा उक्त चोर को पकड़ा गया।

## खाद्य विभाग की अनदेखी के चलते लुट रहे उपभोक्ता, जाचं के नाम पर सिर्फ औपचारिकता

**धारनाकला ।** किराना दुकानो मे आमतौर पर आवश्यक घरेलू सामान जैसे सरसो का तेल रिफाईंड तेल इसके अतिरिक्त अन्य सामग्री जो आम आदमी के लिये रोजमर्रा की जरूरत होती है किन्तु धारनाकला मे खाद्य विभाग की मिली भगत के चलते 850 ग्राम के रिफाईंड तेल आम आदमी को एक लीटर के दाम मे परोसा जा रहा है जबकि रिफाईंड तेल की पैकिंग ही एक लीटर से कम की होती है किन्तु किराना दुकानो मे आम आदमी से एक लीटर तेल के मूल्य धडल्ले से वसूला जा रहा है यही नही अन्य खाद्य सामग्री जो किराना दुकानो मे रोजमर्रा की जरूरत होती है उसमे भी आम आदमी लुटता हुआ नजर आ रहा है किन्तु खाद्य विभाग के आला अधिकारी त्यौहार मे अपनी उपस्थिति देकर बन्द लिफाफा सेवा के रूप मे लेकर चलते बनते है किन्तु जांच के नाम पर अब तक यहा ठोस कार्रवाई सामने नही आई है

यहा यह भी उल्लेखनीय है की किराना दुकानो पर खाद्य विभाग की कार्रवाई खाद्य सुरक्षा और मानको को सुनिश्चित करने के लिये समय समय पर होनी चाहिये ताकि गुणवत्ता स्वच्छता और नियमो के उल्लंघन पर कार्रवाई हो सके किन्तु यहा खाद्य विभाग तथा किराना दुकानो की जुगल बंदी के चलते आज तक ठोस कार्रवाई नही हुई है यही कारण है जहा किराना दुकानो मे नापतौल के नाम पर आम आदमी लुट रहा है वही दूसरी तरफ एक्स पायरी डेट का सामान भी बेखौफ होकर आम आदमी को परोसा जा रहा है जिस ओर खाद्य विभाग का धयान न देना ही आम आदमी के लिये लुटने के लिये काफी है खाद्य विभाग की अनदेखी ही कहे की धारनाकला मे अमानक खाद्य पदार्थो की बिक्री धडल्ले से जारी है किन्तु खाद्य विभाग क्यो चुप्पी साधे बैठा है समझ से परे है सुनने मे तो यह भी आया है समस्त किराना दुकानो के लीडर के पास सबसे पहली खबर आती है की वे किस दिन जांच मे पहूचेगे और उसके बाद बिना जांच के ही बन्द लिफाफो मे सभी की सेवा तैयार रहती है वैसे तो धारनाकला मे एक नही अपितु दर्जनो किराना दुकाने संचालित है जहा से आम आदमी प्रति दिन खाद्य सामग्री के रूप मे रिफाईंड तेल अथवा अन्य सामग्री के नाम पर लुट रहा है किन्तु आज दिनांक तक खाद्य विभाग के द्वारा कितने प्रकरण बनाये गये अथवा सैंपल जांच के लिये भेजे गये यह खाद्य विभाग का रिकार्ड ही अपने आप मे प्रमाण है जबकि रिफाईंड तेल से लेकर अन्य पैकिंग सामग्री ही तथा एक्स पायरी डेट का सामान जो आम उपभोक्ता को परोसा जा रहा है किन्तु जवाबदार खाद्य विभाग सिर्फ अपनी रोटी सेकने मे ही लगा हुआ है क्या संवेदन शील जिला कलेक्टर इस ओर गम्भीरता से ध्यान देगी.

## दाऊ की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 15 को

**बरघाट नवभारत।** नगर परिषद बरघाट के भूतपूर्व अध्यक्ष रंजीत वासनिक दाऊ को उनकी पहली पुण्यतिथि पर सिवनी जिले समेत आस-पास के जिलों के लोग भी भावभीनी याद कर रहे हैं। रंजीत वासनिक गरीबों को आशियाना दिलाने के लिए जेल जाने से भी पीछे नहीं हटे। अपनी नेक नीयत और सबके कल्याण की भावना से कार्य करने वाले रंजीत वासनिक की छवि इतनी गहरी थी कि चाहे चुनाव हारने के बाद संगीता रंजीत वासनिक की रैली हो या फिर जेल यात्रा से लौटकर आने पर जुलूस, ऐसी अपार जनता का सैलाब लोगों ने कभी नहीं देखा। 2024 में अचानक रंजीत वासनिक का स्वास्थ्य बिगड़ा और नागपुर में इलाज के दौरान उनका दुखद निधन हो गया. महज 50 वर्ष की आयु में देश की आजादी उत्सव के दिन 15 अगस्त को रंजीत वासनिक ने दुनिया को अलविदा कह दिया। स्वर्गीय रंजीत वासनिक की प्रथम पुण्यतिथि पर मंगल भवन में गैर राजनीतिक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 15 अगस्त को किया गया है। इस दिन 12 बजे सिविल अस्पताल में फल वितरण एवं दोपहर 3 बजे मंगल भवन, नया बस स्टैंड में श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी।



## खुरसुरा स्कूल में 38 बच्चों को बांटे शैक्षणिक सामग्री

### सामग्री तो केवल एक बहाना है, मेरा असली उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय से जोड़ना है

**उगली नवभारत ।** सिवनी जिले के विकासखंड केवलारी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खुरसुरा में 13 अगस्त बुधवार को एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। सेवा निवृत्त शिक्षक ब्रजमोहन टेम्भ्रे के सौजन्य से विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री, स्कूल बैग, जूते-मोजे और बेल्ट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान श्री टेम्भ्रे ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए उन्हें दो वर्ष हो चुके हैं, लेकिन बच्चों से जुड़ाव बनाए रखने की उनकी इच्छा अब भी उतनी ही प्रबल है। उन्होंने बताया मैंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्यालय में प्राप्त की है, इसलिए मैंने संकल्प लिया कि यहां के बच्चों से जुड़ाव बनाए रखूं। मेरे लिए विद्यालय ही असली मंदिर है, जहां 33 कोटी देवी-देवताओं के दर्शन होते हैं। पिछले वर्ष मैंने इसी स्कूल के 50 बच्चों को स्वेटर वितरित किए थे और इस बार स्कूल बैग, जूते-मोजे व बेल्ट का वितरण कर रहा हूं। यह सामग्री तो केवल एक बहाना है, मेरा असली उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय से जोड़ना है।




पालक, शिक्षक और छात्र तीनों मिलकर सक्रिय होंगे, तभी हम शिक्षा के लक्ष्य तक पहुंच पाएंग उन्होंने कहा कि अपने 38 साल के शासकीय सेवा अनुभव में उन्होंने पाया कि कुछ अभिभावक जागरूक हैं, लेकिन कई ऐसे भी हैं जो विद्यालय से कोई मतलब नहीं रखते। शिक्षा तंत्र दो पहियों पर चलता है एक पालक और दूसरा विद्यालय। जब पालक, शिक्षक और छात्र तीनों मिलकर सक्रिय होंगे, तभी हम शिक्षा के लक्ष्य तक पहुंच पाएंगे। हमारे पास कुशल शिक्षक और शासन की शानदार व्यवस्था है। आजकल तो कलेक्टर महोदया द्वारा हर स्कूल में फर्नीचर तक उपलब्ध कराया गया है। जिस दिन शिक्षा अपने उत्कर्ष पर पहुंचेगी, भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक पाएगा।

इस अवसर पर श्रीमति एस ठाकरे मैडम ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा सर रिटायरमेंट के बाद भी बच्चों के लिए इतने जुड़ाव के साथ काम कर रहे हैं, यह प्रेरणादायक है। जब मैंने विद्यालयश्री टेम्भ्रे सर अपने स्कूल के लिये फर्नीचर की मांग की तो उन्होंने बिना देर किए फोनपे में 2200 रुपये भेज दिए, जिससे हमारे प्रयासों से 15 फर्नीचर बच्चों के लिए जुटाए गए। वहीं, संकुल प्राचार्य संजीव बिसेन सर ने कहा इस स्कूल में छोटे बच्चों के लिए आयोजित यह कार्यक्रम अविस्मरणीय है,,और निश्चित ही बच्चों के मन में पढ़ाई और स्कूल के प्रति सकारात्मक भाव जगाएगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों ने ब्रजमोहन टेम्भ्रे का आभार व्यक्त किया और उनके इस प्रयास को समाज के लिए एक मिसाल बताया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संवाददाता पत्रकार राजदीप रांहगडाले,अजय नागेश्वर शिक्षक श्री रांहगडाले,विपिन रांहगडाले श्रीमती नेवारे मैडम शिक्षक प्रदीप बिसेन और विद्यालय में उपस्थित समस्त छात्र-छात्रा उपस्थित रहे.

**आयोजन** — ओम कला केन्द्र में डिप्लोमा वितरण और रक्षाबंधन समारोह

# महिलाओं व नवयुवतियों के लिए आत्मनिर्भरता की मिसाल

**सिवनी नवभारत। ओम कला केन्द्र, सिवनी द्वारा आयोजित डिप्लोमा वितरण एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन' मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने की। यह आयोजन राशी लॉन, बारापत्थर सिवनी में हुआ, जिसमें सैकड़ों बहनों ने विधायक को रक्षा सूत्र बांधकर कार्यक्रम को गरिमापूर्ण बनाया ।**




ओम कला केन्द्र द्वारा महिलाओं और नवयुवतियों के लिए निश्शुल्क सिलाई और ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का संचालन किया जाता है। इस अवसर पर त्रैमासिक बैच का समापन हुआ और प्रशिक्षार्थियों को प्रतीकात्मक डिप्लोमा वितरित किए गए।

विधायक दिनेश राय ने मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ओम कला केन्द्र के कार्यों की सराहना करते हुए बहनों को उपहारस्वरूप सिलाई मशीन और ब्यूटी पार्लर किट प्रदान करने की घोषणा की तथा इसके साथ ही उन्होंने कहा, सरकारी योजनाओं के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने में मेरी मदद हमेशा उपलब्ध रहेगी। यह केवल विधायक का नहीं, बल्कि भाई का भी दायित्व है कि बहनें आत्मनिर्भर बनें।

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, सिवनी दक्षिण नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक दुबे, व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रूपचंद मोहनानी, पार्षद निधि दुबे, पार्षद राजेश राजू यादव, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अजय बाबा पांडे नरेन्द्र ठाकुर, बादल बेन, गोपाल पवमें, तरूण मुनिया टांक, अखिलेश खेडीकर, मनोज नामदेव, नितेन्द्र बघेल, श्री बघेल, वंदना बैस, श्रीमती रूकमणी सनोडिया, मोंटू दुबे समेत अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन ओम कला केन्द्र के संचालक हरिओम सानी ने किया। व्यवस्थापिका श्रीमती साक्षी सोनी और उनकी टीम सहित सैकड़ों प्रशिक्षार्थी मौजूद रहीं.

### दो दशक से अधिक की सेवा यात्रा

भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन ने अपने संबोधन में कहा कि ओम कला केन्द्र बीते 20 वर्षों से अधिक समय से महिलाओं को स्वरोजगार उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है और यह कार्य न केवल सिवनी बल्कि अन्य जिलों में भी सफलतापूर्वक जारी है। भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने बताया कि यह केन्द्र पिछले 23 वर्षों से बिना किसी सरकारी सहायता के पचास रूपये प्रशिक्षण शुल्क से प्रारंभ हुआ था जो वर्तमान में मात्र 300 रुपये में तीन माह का प्रशिक्षण देता है, जिसमें सिलाई, कढ़ाई और ब्यूटी पार्लर जैसे कौशल शामिल हैं। अब तक लाखों नवयुवतियां इन प्रशिक्षणों से स्वरोजगार स्थापित कर चुकी हैं।

पैसा ठीक होने के बाद
जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
शादी के पहले एवं शादी के बाद की कमजोरी, उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, टाइमिंग की कमी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का टेढ़ापन छोटापन, नि:संतानता, शिथिलता, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का सफल इलाज किया जाता है
सिवनी में मिलें
हर मंगलवार व बुधवार
प्राइवेट बस स्टेण्ड बैनगंगा काम्पलेक्स, शाप नं.-63, सिवनी
बालाघाट में मिलें
हर शनिवार व रविवार
गुरूनानक पेट्रोल पम्प के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट
9243880464,7879453857


श्री श्याम आयुर्वेदिक
गुप्त रोगी मिलें, जोश व टाईम बढ़ायें
शीघ्रपतन, स्वप्न दोष, नामर्दी, धातु, ढीलापन, बचपन में की गलतियों से नसों में आयी कमजोरी, इंद्रीय में पतलेपन व छोटा होना एवं शुक्राणु की कमी, सभी प्रकार के महिला व पुरुष के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है
पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
आशीर्वाद हॉस्पिटल के सामने, शुक्रवारी सिवनी मो.न 8989145127